दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, गुरूवार 23 जनवरी 2020

www.nyaysakshi.com

संपादकीय

संवाद की आस

निस्संदेह भारत-पाक के रिश्ते अब तक के सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक तक बिगड़े रिश्ते तब बेहद कड़वाहट भरे हो गये जब भारत ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाया। इस मुद्दे पर पाक की बौखलाहट अभी भी जारी है। ऐसे माहौल में जिम्मेदार भूमिका समझते हुए भारत ने इस साल के अंत में भारत में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक में पाक प्रधानमंत्री को आमंत्रण भेजने की बात स्वीकारी है। हालांकि, यह द्विपक्षीय वार्ता नहीं है, इसमें संगठन के आठ देश व चार पर्यवेक्षक देश भी शामिल होंगे। दरअसल, भारत व पाकिस्तान चीन के दबदबे वाले एससीओ में 2017 में पूर्णकालिक सदस्य बने थे। साल में इस संगठन के राष्ट्र प्रमुखों की बैठक होती है। एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी और चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके सदस्य देश रहे हैं। संगठन का मकसद आतंकवाद रोकना तथा आर्थिक व सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाना रहा है। भारत की अध्यक्षता में पहली बार होने वाली इस बैठक के लिये इमरान खान को आमंत्रण भेजा जायेगा। ऐसे में उम्मीद जगी है कि लंबे समय से तनावपूर्ण रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है।?खासकर जम्मू-कश्मीर के विशेषाधिकारों को वापस लेने और दो नये केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने के बाद पाकिस्तान के वैश्विक प्रलाप के बाद दोनों देशों के संबंधों में आयी दरार को पाटने में मदद मिलने की उम्मीद जगी है। हालांकि जून 2019 में बिश्केक में हुए राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भाग लिया था। तब भी दोनों देशों की जारी तनातनी के बीच बातचीत को लेकर कयास लगाये जा रहे थे मगर तब द्विपक्षीय बातचीत नहीं हो पायी थी।

बहरहाल, यह निर्विवाद सत्य है कि भारत व पाक दो पड़ोसी देश?हैं और पड़ोसी बदले नहीं जा सकते। दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं। ऐसे में बातचीत किये बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता। यह भी हकीकत है कि पाक प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा मुंबई हमले से लेकर 2016 में हुए उड़ी हमले तक दोनों देशों के रिश्तों में बेहद तल्खी आई। मगर फरवरी 2019 में हुए पुलवामा हमले ने तो राजनीतिक परिदृश्य ही बदल दिया। फिर बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद स्थितियां और जटिल हुईं। उसके बाद अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद तो पाक की खिलाफत चरम पर पहुंच गई। उसकी तमाम अंतर्राष्ट्रीय कोशिशों को भारत ने नाकाम ही किया है। सीमा पर आये दिन होने वाली गोलाबारी और भारतीय इलाके में हमले समस्या को लगातार जटिल बना रहे हैं। इसके बावजूद कहीं से तो नई शुरुआत करनी ही होगी। संवादहीनता दोनों देशों के हित में नहीं कही जा सकती। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली पारी के शपथग्रहण समारोह में तत्कालीन पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शिरकत की थी। उसके बाद इमरान खान भारत आने वाले दूसरे प्रधानमंत्री होंगे।

सरकार, वाहन उद्योग बीएस-6 मानक वाले ईंधन, वाहन पेश करने को तैयार

नयी दिल्ली (आरएनएस)। सरकार और वाहन उद्योग एक अप्रैल 2020 की समयसीमा के भीतर भारत-चरण-6 मानक वाले ईंधन और वाहन उतारने को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। यह बात अधिकारियों ने उच्चतम न्यायालय की अधिकार प्राप्त प्रदूषण नियंत्रण समिति को बतायी। भारत चरण उत्सर्जन मानक नियमन हैं जिसका मकसद मोटर वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर लगाम लगाना है। बीएस-6 या भारत चरण- 6 नया उत्सर्जन मानक हैं जिसे देश के सभी वाहनों को अपनाना

होगा। बीएस-6 ईंधन लागू करने और उसके अनुकूल वाहनों को लेकर तैयारी की समीक्षा बैठक के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारियों ने ईपीसीए (पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण) को बताया कि बीएस-6 ईंधन एक अप्रैल से उपलब्ध होगा। ईपीसीए की सदस्य सुनीता नारायण ने कहा, ''वाहन उद्योग ने ईपीसीए से कहा है कि उन्होंने समयसीमा के भीतर काम पूरा करने के लिये काफी प्रयास किया है। मॉडल पहले ही पेश किये जा चुके हैं। कुछ अन्य मॉडल को जल्द ही पेश किया जाएगा।'' नारायण ने कहा, ''बीएस- पांच ईंधन मानक वाले वाहनों का पंजीकरण एक अप्रैल को बंद कर दिया जायेगा। यह अंतिम समय सीमा है।'' उधर पेट्रोलियम मंत्रालय ने समिति से कहा है कि वह एक अप्रैल से पूरे देश में बीएस- छह मानक वाले ईंधन की आपूर्ति के लिये तैयार हैं।

रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले तीन पैसे मजबूत

मुंबइ (आरएनएस)। घरेलू शेयर बाजार में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले शुरुआती कारोबार में तीन पैसे बढ़कर 71.18 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

मुद्रा डीलरों ने कहा कि अन्य प्रमुख विदेशी मुद्राओं की तुलना में डॉलर में मजबूती ने रुपये की तेजी को थामने का प्रयास किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया बढ़त के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में बढ़कर 71.18 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 71.21 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच , ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.37 प्रतिशत गिरकर 64.35 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 33.43 अंक यानी 0.08 प्रतिशत 41,357.24 अंक पर कारोबार कर रहा था।

वैश्विक रुख से वायदा कारोबार में सोना 105 रुपये फिसला

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कमजोर वैश्विक रुख के साथ प्रतिभागियों के सौदे कम करने से बुधवार को वायदा कारोबार में सोना 105 रुपये गिरकर 39,806 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, फरवरी महीने में डिलिवरी वाला सोना 105 रुपये यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 39,806 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इसमें 1,373 लॉट का कारोबार हुआ। इसी प्रकार, अप्रैल महीने में डिलिवरी वाला सोना 136 रुपये यानी 0.34 प्रतिशत घटकर 39,895 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इसमें 124 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में पीली धातु को लेकर सुस्त रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.46 प्रतिशत गिरकर 1,550.70 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

पृथ्वी साव को मिला न्यू जीलैंड के खिलाफ वनडे टीम में मौका

नई दिल्ली। चोटिल शिखर धवन की जगह ओपनर पृथ्वी साव को न्यू जीलैंड के खिलाफ वनडे टीम में शामिल कर लिया गया है। उनका हाल में कंधा चोटिल हो गया था जिसके बाद उन्होंने न्यू जीलैंड में वापसी की और उन्होंने 100 गेंदों में आतिशी अंदाज में खेलते हुए 150 रन बनाए।

पृथ्वी हाल में भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने न्यू जीलैंड-इलेवन के खिलाफ दूसरे वॉर्म अप मैच में शानदार पारी खेली। यदि उन्हें न्यू जीलैंड में मौका मिलता है तो वह वनडे इंटरनैशनल डेब्यू करेंगे। न्यू जीलैंड इलेवन के खिलाफ हाल में वनडे वॉर्म-अप मैच में रविवार को पृथ्वी ने 100 गेंदों का सामना किया और 150 रन बनाने के लिए 22 चौके और 2 छक्के जड़े। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को बेंगलुरु में खेले गए आखिरी वनडे मैच में शिखर धवन के कंधे में चोट लग गई थी। इसके बाद धवन के कंधे का एमआरआई स्कैन किया गया, जिसमें उन्हें ग्रेड-2 इंजरी सामने आई।

उन्हें कुछ समय के लिए आराम की सलाह दी गई है। वह अब एनसीए जाएंगे और फरवरी के पहले सप्ताह से रिहैबिलिटेशन दौर से गुजरेंगे। वनडे टीम में उनकी जगह पृथ्वी को जबकि टी20 टीम में संजू सैमसन को शामिल किया गया है।

पृथ्वी का कंधा रणजी ट्रोफी मैच के दौरान चोटिल हो गया था। पृथ्वी का उपचार कार्यक्रम की निगरानी कर रही नैशनल क्रिकेट अकैडमी (एनसीए) ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी के लिए हरी झंडी दी। इसके बाद पृथ्वी न्यू जीलैंड के लिए रवाना हुए।

बेवजह गुस्सा, चिड़चिड़पन हो सकते हैं इस बीमारी के संकेत, पहचानिए लक्षण

अगर आप भी अपने आप को थकान भरा और चिड़चिड़ा महसूस करती है और वो भी बिना कोई ऐसा काम किये तो हो सकता है कि आप कुछ ऐसी समस्या से गुजर रही है जिसकी ओर आपका ध्यान देना जरुरी है क्युकी ये एक तरह का सिंड्रोम है जिसे बर्न आउट कहा जाता है. जी हां जब आप लम्बे समय तक स्ट्रेस या तनाव की स्थिति में रहते है या ऐसी स्थिति से बाहर नहीं आ पाते है तो आप बर्न आउट के शिकार है.

आमतौर पर ये सुनने में डिप्रेशन की तरह ही लगता है लेकिन ये डिप्रेशन से अलग होता है क्योंकि डिप्रेशन की स्थिति में ग्रसित व्यक्ति हर समय आत्मविश्वास की कमी और बिना वजह ही हीन भावना से भरा महसूस करता है जबकि बर्न आउट में हर समय थकान और चिड़चिड़ापन देखने को मिलता है.

इन लोगों को ज्यादा परेशान करती है ये बीमारी

एक शोध में ये बात सामने आई है की बर्न आउट की स्थिति में ज्यादातर वे लोग पाए जाते है जो घर पर या ऑफिस में लम्बे समय से तनाव में कार्य करते रहते है बहुत अधिक थकान, शरीर में सूजन और सायकॉलजिकल तनाव का बढ़ना एक दूसरे से लिंक है. जब यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो हार्ट टिश्यूज को डैमेज करने के का काम करती है. इसी कारण अरिद्मिया की स्थिति बनने लगती है और दिल की धड़कने कभी कम और कभी ज्यादा होती रहती हैं.

बढ़ता है अन्य बीमारियों का खतरा

इस स्थिति में हार्ट बीट्स रेग्युलर तरीके से काम नहीं पाती हैं और ब्लड क्लॉट्स, हार्ट फेल्यॉर और दिल संबंधी दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. हालांकि इस खतरे की दर को अभी मापा नहीं जा सका है।

ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ अच्छी शुरूआत जरूरी : रानी

बेंगलुरू। भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान रानी ने बुधवार को कहा कि न्यूजीलैंड और ब्रिटेन जैसी ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ आगामी मैचों में अच्छा प्रदर्शन ओलंपिक की बेहतर तैयारी साबित होगा। रानी ने इस सत्र के पहले दौरे के लिये आकलैंड रवाना होने से पहले यह बात कही। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैच और ब्रिटेन के खिलाफ एक मैच खेलेगी। रानी ने कहा ,'' हम न्यूजीलैंड (रैंकिंग छह) और ब्रिटेन (रैंकिंग पांच) जैसी टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। इससे ओलंपिक की तैयारी मजबूत होगी।

आज का राशिफल

मेषः काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। अब आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी।

वृषभः आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी।

मिथुनः आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे।

कर्कः आज का दिन किसी बहन-भाई की चिंता टहल सेवा में व्यतीत होगा आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं।

सिंहः आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है।

कन्याः आज आपको विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी, उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे।

तुलाः आज आप अकारण ही चिंतित और परेशान रहेंगे। कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं।

वृश्चिकः आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें।

धनुः आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा मिल सकता है।

मकरः आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। खरीद-फरोख्त के व्यवसाय में लाभ होगा।

कुंभः उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिनभर बना रहेगा। आयात-नियात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है।

मीनः उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन व आध्यात्म में रूचि बढना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे।

गो गोवा गॉन 2 की तैयारी शुरू, मार्च 2021 में होगी रिलीज़

साल 2013 में रिलीज़ हुई अभिनेता सैफ अली खान, वीर दास, पूजा गुप्ता और कुनाल खेमू स्टारर फिल्म गो गोवा गॉन का दूसरा भाग बनाया जाएगा। गो गोवा गॉन 2 की कहानी और स्क्रिप्ट का काम शुरू हो गया है। ज़ॉम-कॉम जॉनर वाली इस फिल्म में कलाकारों के चयन से जुड़ी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। दरअसल जब फिल्म का पहला पार्ट बनाया गया था सैफ अली खान और प्रड्यूसर दिनेश विजन दोस्त थे, सैफ फिल्म के निर्माता भी थे।

गो गोवा गॉन के कुछ समय बाद ही सैफ और दिनेश की दोस्ती में दरार आ गई और दोनों अलग हो गए। अब जब इस फिल्म का पार्ट 2 बनाए जाने की बात हो रही है तब क्या सैफ फिल्म में काम करेंगे। फिल्म से जुड़े सूत्र बताते हैं, गो गोवा गॉन 2 की कहानी जिस तरह से तैयार हो रही है, उसके हिसाब से फिल्म का सीच्ल मूल से बेहतर और ज्यादा मजेदार होगा।

कुनाल खेमू, आनंद तिवारी और सैफ अली खान अभिनीत फिल्म का निर्देशन राज निदीमोरू और कृष्णा डीके की जोड़ी ने किया था। खबर है कि गो गोवा गॉन 2 में वीर दास को अभी से साइन कर लिया गया है। निर्माता दिनेश कहते हैं, अब निश्चित तौर पर एक अच्छी फिल्म बनाने का दबाव है। यह पहले वाली फिल्म जितनी ही मजेदार होनी चाहिए। हमने निर्देशकों से मुलाकात की और मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह पहली फिल्म से बेहतर बनेगी।

जयेशभाई जोरदार में रणवीर सिंह के पिता बनेंगे बमन ईरानी

बॉलिवुड में अलग-अलग तरह के किरदार निभाने के लिए मशहूर ऐक्टर बमन ईरानी एक बार फिर एक दिलचस्प कैरक्टर में दिखाई देंगे। इस बार वह रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म जयेशभाई जोरदार में उनके पिता के किरदार में दिखाई देंगे। बमन का कहना है कि इस फिल्म की स्क्रिप्ट बिल्कुल अलग तरह की है और इसलिए उन्होंने इस रोल को करने का फैसला किया।

फिल्म के बारे में बात करते हुए बमन ने कहा, जयेशभाई जोरदार की स्क्रिप्ट बिल्कुल अलग है और एक बेहतरीन कहानी बताती है। मैंने सिर्फ फिल्म के राइटर और डायरेक्टर दिव्यांग को देखा है जो बेहद टैलंटेड हैं। उनके जैसा टैलंट कई सालों में एक बार आता है। उन्होंने बिल्कुल अलग कहानी लिखी है जो मजेदार तरीके से एक पावरफुल मेसेज देती है। बता दें कि जयेशभाई जोरदार की कहानी एक गुजराती व्यक्ति की है जिसका रोल रणवीर सिंह निभाएंगे। 83 के बाद एक बार फिर बमन रणवीर के साथ काम कर रहे हैं। रणवीर के बारे में उन्होंने कहा, रणवीर के साथ काम करने में हमेशा मजा आता है। वह पावरहाउस परफॉर्मर हैं जो अपने हर सीन में पूरी मेहनत करते हैं। एक कलाकार के तौर पर ऐसे लोगों के साथ काम करने में मजा आता है।

ऐसे तैयार करे 'पालक- मटर करी

सामग्री :-

2 कप पालक,
1 कप उबली मटर,
1 प्याज,
1 कप टमाटर प्यूरी,
1 टीस्पून जीरा,
चुटकी भर हल्दी,
1 साबुत लाल मिर्च,
2 टेबलस्पून सनफ्लॉवर ऑयल,
नमक स्वादानुसार,
2 लहसुन की कलियां,
1 टीस्पून बारीक कटी अदरक,
1 टीस्पून लाल मिर्च

विधि :-

सबसे पहले पालक को ब्लांच करें। इसके लिए पालक को तेज उबलते पानी में डालें। करीब दो से तीन मिनट बाद इसे ठंडे पानी में डालकर पीस लें।

अब ब्लेंडर में प्याज, अदरक और लहसुन को पीस लें। कड़ाही में तेल डालकर उसमें प्याज का पेस्ट डालकर भूनें। जब मसाला तेल छोड़ने लगे, तब इसमें हल्दी, नमक और टमाटर प्यूरी डालकर दोबारा भूनें। अब पिसा पालक और मटर डालकर बचे मसाले डालें। तोड़े देर इसे पकाएं। दोबारा छौंक लगाने के लिए फ्राइंगपैन में तेल डालें। प्याज, जीरा और मिर्च डालकर तैयार पालक मटर के ऊपर डालें।

शब्द सामर्थ्य- 12

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 11 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

सू-दोकू- 12

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 11 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4